लोक सभा अध्यक्ष ने 75 वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्वसंध्या पर देशवासियों को बधाई दी

नई दिल्ली, 14 अगस्त 2021 : लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने 75वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्वसंध्या पर देशवासियों को बधाई दी है। अपने सन्देश में, श्री बिरला ने कहा:

" आज पूरा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। मैं इस महापर्व की भी आप सबको बधाई देता हूं।

हर देश की यात्रा में अनेक गौरवशाली पल आते हैं। यह वे क्षण होते हैं जब पूरा देश एकत्व की भावना से उपलब्धियों का उत्सव मनाता है। देश का 75वां स्वतंत्रता दिवस भी ऐसा ही एक अवसर है।

एक कठिन और संघर्षपूर्ण स्वतंत्रता संग्राम के बाद देश आजाद हुआ।

स्वाधीनता प्राप्ति के पश्चात हमने लोकतंत्र को शासन का आधार बनाया। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी के नेतृत्व में देश के मनीषियों ने हमें संविधान के रूप में ऐसा मार्गदर्शक प्रदान किया जो पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति के हितों की रक्षा के लिए भी प्रतिबद्ध है।

इन वर्षों में हमने स्वयं को एक जिम्मेदार राष्ट्र के रूप में स्थापित किया जो परस्पर प्रेम, आपसी सम्मान, विश्व कल्याण और शांतिपूर्ण सहअस्तित्व के सिद्धांतों को आत्मसात किए हुए आगे बढ़ रहा है।

यह 75 वर्ष की सफर हम भारतीयों के परिश्रम, नवाचार और उद्यमशीलता का परिचायक है। यह 75वां पड़ाव हमें हर्षित और आनंदित करता है, हमें अपने दायित्वों का भी स्मरण करवाता है। देश की प्रगति में प्रत्येक देशवासी का योगदान हो, यही समावेशी विकास की अवधारणा है। हमें यही सहभागिता सुनिश्चित करनी है। जय हिन्द।"